सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 155 | इंदौर, बुधवार 13 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## एक खबर... एक सवाल

सिर्फ 12 मिनट में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, कोई भाषण नहीं, प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ फोटो सेशन कराया।

फोटो सेशन के लिए इतने वीआईपी का आना जाना और तामझाम क्या जनता के लिए उचित है... क्या मध्यप्रदेश जैसे कर्ज में डूबे राज्य के लिए ये सब जरूरी था। यदि इतना ही संक्षिप्त करना था, तो ये सब सादगी से भी किया जा सकता था...

## Headline

1. Parliament : लोकसभा में सवालों पर कोयला, आईटी और रेल मंत्री के जवाब; दोनों सदनों में शहीदों को श्रद्धांजलि
2. Chhattisgarh CM Oath: विष्णुदेव साय आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, पीएम मोदी समेत कई नेता करेंगे शिरकत
3. Gaza: 'हमास चीफ सिनवार को फोन करें'; UNGA में युद्धविराम प्रस्ताव के बीच पोस्टर पर नंबर दिखा बोले इस्राइली दूत
4. Report: यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ना रूस को पड़ा महंगा! रिपोर्ट में दावा- 87 फीसदी सैनिकों को खो चुका मास्को
5. War: गाजा में छिपे आतंकियों का सफाया करने को इस्राइल की नई तरकीब, समुद्री पानी से हमास की सुरंगों को भर रहा

# मोहन यादव ने सीएम पद की शपथ ली

## जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज पद और गोपनीयता की शपथ ली। समारोह भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने डिप्टी ष्टरू के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने सभी को शपथ दिलाई। फिलहाल, कोई और विधायक ने मंत्री पद की शपथ नहीं ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, क्चछ्वक्क के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत 11 स्टेट के मुख्यमंत्री इस समारोह में शामिल हुए।

### ◆ शपथ से पहले हनुमान पूजन...

डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के खटलापुरा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। शपथ ग्रहण से पहले उन्होंने हनुमान जी का पूजन किया।

### ◆ शिवराज के जस की तस धर दीनी चदरिया बयान के मायने...

कबीर कहते हैं, ज्यों कि त्यों धर दीनी चदरिया। इसके पीछे निहितार्थ यह है कि कबीर ने जीवन के अर्थ को समझा है। दो पांव संतुलन सिखाते हैं। हमारी आंखें, जो दुनिया को देखती हैं, वे संतुलन सिखाती हैं। हमारे शरीर के हर अंग में संतुलन है, तो ही हमारा शरीर ठीक प्रकार से चल पाता है। इस प्रकार हर प्राणी के जीवन में संतुलन का विशेष योग है।

### ◆ अब मंत्रिमंडल भी चौंकाएगा

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तुरंत बाद डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल के चेहरे तलाशने की भी तैयारी है। बड़े नेताओं से प्रारंभिक चर्चा करने के बाद यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद दिल्ली जाएंगे। गुजरात फॉर्मूला चलता है तो कैबिनेट नए चेहरों के साथ बनेगी। जो लंबे समय से मंत्री रहे, ऐसे कई बड़े नाम बाहर होंगे। उन्हें सिर्फ जातिगत गणित (सोशल इंजीनियरिंग) ही बचा पाएगा। यानी ष्टरू चेहरे की तरह अब मंत्रिमंडल भी चौंकाएगा। पार्टी सूत्रों का कहना है कि डिप्टी स्भ्ढम् और स्पीकर की नियुक्ति के बाद हाईकमान बचे हुए बड़े नेताओं कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, गोपाल भार्गव, जयंत मलैया, विजय शाह, भूपेंद्र सिंह, बिसाहूलाल सिंह जैसे कुछ नेताओं की भूमिका जल्द स्पष्ट करेगा। इसके बाद ही मंत्रिमंडल के नाम फाइनल होंगे। संघ के नामों को प्राथमिकता में रखा जा सकता है। इसके साथ जातिगत समीकरण और महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जा सकती है। बताया गया है कि रीजन व संभागों में भी संतुलन बैठाया जाएगा।

# महापौर द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बैठक

◆ केन्द्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाने के उददेश्य से शहर में निकलेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा- महापौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। **महापौर द्वारा 16 दिसम्बर से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में सीटी बस आफिस में बैठक ली गई। बैठक में सभापति श्री मुन्नालाल यादव, महापौर परिषद सदस्य श्री राजेन्द्र राठौर, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, मनीष शर्मा, नंदकिशोर पहाडिया, राजेश उदावत, श्रीमती प्रियां डांगी, बडी संख्या में पार्षदगण, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अभय राजनगांवकर व अन्य उपस्थित थे।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि देश के यशस्वी मान. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पुरे देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है, विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उददेश्य केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाना है, इसी क्रम में इंदौर में 16 दिसम्बर से लेकर 25 जनवरी 2024 तक शहर के समस्त वार्डो में निकाली जावेगी, हर वार्ड में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ व जनकलयाणकारी योजनाओ की जानकारी नागरिको तक पहुंचे, जिन हितग्राहियो को योजना का लाभ मिला है वह अपने अनुभव को अन्य नागरिको के साथ सांझा करेगे। महापौर ने कहा कि शासन निदेर्शानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रत्येक वार्डो में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ से परिपूर्ण रथ (वैन) के माध्यम से पहुंचेगी, जिसमें लगी एलईडी स्क्रीन व साउण्ड के माध्यम से नागरिको को योजनाओ की जानकारी दी जावेगी व योजना का लाभ किये पात्र हितग्राही योजनाओ की जानकारी भी सांझा करेगे।

महापौर श्री भार्गव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार दिनांक 17 दिसम्बर से आगामी 25 जनवरी 2023 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, यात्रा का मुख्य उददेश्य पात्र हितग्राहियो को भारत सरकार की विभिन्न हितग्रहियो मूलक योजनाओ से अवगत कराना तथा अंतिक व्यक्तियों तक योजनाओ को लाभ सुगमता एवं सरलता से प्राप्त हो सके, निहित उददेश्य को दृष्टिगत रखते हुए, नगर निगम इंदौर क्षेत्रांतर्गत संकल्प यात्रा झोन/वार्ड क्षेत्र में प्रतिदिन 2 वार्डो में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा, यात्रा में संलगन वाहन में एलईडी स्क्रीन व साउण्ड के माध्यम से हितग्राहियो को योजनाओ की जानकारी दी जावेगी, तथा उक्त यात्रा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो के साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ के लाभांवित अपनी जुबानी अपनी कहानी का व्याख्यान करेगे तथा यात्रा के साथ सेल्फी भी लेगे।

# निगमकर्मचारियों के लिए ऑफिस में आने का समय फिक्स किया

**सुबह 10.30 बजे के बाद आने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। निगमकर्मियों को अब सुबह 10.30 बजे तक किसी भी सूरत में ऑफिस आना होगा। अगर इस तय समय के बाद अगर कर्मचारी ऑफिस आए तो कार्रवाई होगी। इस संबंध में आदेश जारी हो गए हैं। कर्मचारी तय समय पर आए यह देखने और कार्रवाई करने की जिम्मेदारी विभाग प्रमुख और जोनल अफसरों को दी गई है। नगर निगम मुख्यालय में लगने वाले विभागों और 19 जोनल ऑफिसों पर कई कर्मचारी तय समय सुबह 10.30 बजे दफ्तर नहीं आते हैं। कई कर्मचारी तो ऐसे हैं जो कि दोपहर 12 बजे तक या फिर इसके बाद ऑफिस आते हैं। कई कर्मचारियों की देरी से ऑफिस आने की आदत बन चुकी है जो कि निगम हित में उचित नहीं है। कर्मचारियों के देरी से आने के कारण उनको आवंटित कार्य जहां प्रभावित होता है, वहीं अपने काम के लिए लोग चक्कर अलग काटते रहते है। यह देखते हुए निगमायुक्त के निर्देश पर एक आदेश स्थापना विभाग के अपर आयुक्त ने जारी किया है। इसमें निगम मुख्यालय के विभागों से लेकर जोनल ऑफिस तक के समस्त कर्मचारियों को सुबह 10.30 बजे तक किसी भी सूरत में अपने दफ्तर में उपस्थित होने का कहा गया है। अगर कोई कर्मचारी इस तय समय पर ऑफिस नहीं आता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। समस्त विभाग प्रमुखों और जोनल अफसरों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है।

# मातृ वंदना योजना गर्भवती माताओं के लिए फायदेमंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मजदूरी करने वाली गर्भवती महिलाओं को मजदूरी के नुकसान की भरपाई करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई है। मातृत्व वंदना योजना में मजदूरी करने वाली गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने की वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार और उनकों नगदी प्रोत्साहन के माध्यम से अधीन पोषण के प्रभाव को कम करना है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पहले जीवित बच्चें के जन्म के दौरान लाभ मिलेगा होगा। योजना के लाभ की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाती है। योजना में गर्भवती महिलाओं को पहली किस्त के रूप में एक हजार रूपए पंजीकरण के समय दी जाती है। दूसरी किस्त दो हजार रूपए 6 माह की गर्भवास्था के बाद और तीसरी किस्त बच्चे का जन्म के बाद इस प्रकार कुल 5 हजार रूपए की आर्थिक सहायता गर्भवती महिलाओं को दी जाती है। बच्चें को बीसीजी, ओपीवी, डीपीटी और हेपेटाइटिस-बी सहित टीके निःशुल्क लगाए जाते हैं।केन्द्रीय और राज्य सरकार या किसी सार्वजनिक उपक्रम में नियमित रोजगार में है वे किसी अन्य योजना या कानून के तहत समान लाभ प्राप्त करती है।

# उपभोक्ता सेवाओं का संचालन और राजस्व संग्रहण समय पर हो : तोमर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने मंगलवार को खरगोन जिले का दौरा किया। श्री तोमर ने बड़वाह में निमाड़ के चारों जिले के लिए संचालित कंपनी के क्षेत्रीय भंडार गृह का बारीकी से निरीक्षण किया। श्री तोमर ने क्षेत्रीय भंडार गृह के ट्रांसफार्मर व अन्य उपकरणों की रिपेयरिंग यूनिट को देखा और गुणवत्ता, समय पालन तथा प्रक्रिया पालन के लिए निर्देश दिए। श्री तोमर ने क्षेत्रीय भंडार में सिविल कार्यो के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इंदौर और उज्जैन की मीटर परीक्षण लेब को एनएबीएल मिला है, इसी तरह बड़वाह की टेस्टिंग शाखा को भी राष्ट्रीय स्तर यानि एनएबीएल श्रेणी की बनाने की तैयारी की जाएं। श्री तोमर ने भंडार गृह संबंधी जानकारी कार्यपालन यंत्री श्री विजय बारिया से प्राप्त की । बड़वाह संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री आकाश बंसल ने क्षेत्र की बिजली आपूर्ति, राजस्व संग्रहण, उपभोक्ता सेवाओं, शिकायत निवारण आदि के बारे में जानकारी दी।

# छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रुपए किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विदयार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की वार्षिक आय सीमा 8 लाख रुपए किये जाने की सहमति प्रदान की गई है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आय सीमा का बंधन समाप्त किया गया है। आय सीमा में वृद्धि से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के व्यापक अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# भारत संकल्प यात्रा 14 से

## शहर में रोजाना 2 वार्डों में करेगी भ्रमण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भारत संकल्प यात्रा 14 दिसंबर से शुरू होगी। यह पात्रा शहर में रोजाना 2 वार्डो में भ्रमण करेगी और लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराएगी। यात्रा की शुरूआत होने से पहले प्रभारी नगर निगम आयुक्त ने अफसरी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंप दी है। इसको लेकर आदेश भी जारी हो गया है।**

भारत सरकार की ओर से 14 दिसबर से 25 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसका मुख्य उदेश्य पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार की विभिन्न पोजनाओं से अवगत कराना है। इसके साथ ही अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुगमता एवं सरलता से पहुंचाना है। इस उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए संकल्प यात्रा निगम के 19 जोन अंतर्गत आने वाले 85 वाहों में से रोजाना 2 वारों में भ्रमण करेगी। यात्रा में शामिल वाहन में एलईडी स्क्रीन और साउंड के माध्यम से हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### अफसरों को अलग-अलग जिम्मेदारी सोपी

उक्त यात्रा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में अपनी जुबानी अपनी कहानी का व्याख्यान करेंगे। यात्रा के साथ सेल्फी भी लेगे। इधर, शहर में संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर कल प्रभारी निगम आयुक्त सिद्धार्थ जैन ने सिटी बस ऑफिस में बैठक रखी। इसमें अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अभय राजनगांवकर, देवधर दरवई, विभाग प्रमुख, समस्त जोनल अफसर और जोन नियंत्रणकर्ता अधिकारी आदि मौजूद थे। गाह को लेकर इन सभी अफसरों को अलग-अलग जिम्मेदारी सोपी गई है। प्रभारी आयुक्त जैन ने समस्त जोनल अफसरों की यात्रा शेयडूल अनुसार जोन व वार्ड क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बैठक स्थल तय करने, क्षेत्र में व्यापक प्रचार- प्रसार करने और जनप्रतिनिधि व हितग्राहियों को सुचना देने के आदेश दिए हैं। कार्यक्रम में चयनित हितग्राहियों से उनके अनुभव साझा कर, वीडियो व फोटो एप व पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में भी निर्देश दिए गए है। पात्रा कार्यक्रम के एक दिन पूर्व कार्यक्रम स्थल पर संपूर्ण व्यवस्थाएं जिनमे सफाई, टेंट, मक्षक, साउंड, स्टाल, फ्लेक्स -बैनर, बैठक व्यवस्था पेयजल व्यवस्था , स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश अफसरों को दिए गए है।

# रोजगार, शिक्षा और अन्य दैनिक कार्यों में मदद के लिए 62 दिव्यांगों को स्वीकृत की रेट्रोफिटिंग स्कूटी

## कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा जनसुनवाई में अन्य जरूरतमंदों की भी आवश्यकता के अनुसार मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने जनसुनवाई में रोजगार, शिक्षा और अन्य दैनिक कार्यों में मदद के लिये 62 दिव्यांगों को रेट्रोफिटिंग स्कूटी स्वीकृत की। उन्होंने दिव्यांगों की समस्याओं को विशेष रूप से सुना और उनका हाथोहाथ निराकरण सुनिश्चित किया। साथ ही उन्होंने जनसुनवाई में आये अन्य जरूरतमंदों की समस्याओं को सुनकर उन्हें आवश्यकता के अनुरूप मदद दी।**



जनसुनवाई में दिव्यांग एमआर टेन निवासी धरमदास पाल पहुंचे। धरमदास पाल ने बताया कि मैं प्रायवेट नौकरी करता हूं और मुझे नौकरी पर जाने आने में परेशानी होती है। मैं जाने आने के लिये सिटी बस का उपयोग करता हूं। सिटी बस में चढ़ने उतरने के लिये लोगों के सहारे की जरूरत होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने बात को गंभीरता से सुनकर रेट्रोफिटिंग स्कूटी स्वीकृत कर दी।

जनसुनवाई में जिन दिव्यांगों को स्कूटी स्वीकृत की गई उनमें कैलाश पिता शंकरलाल, अंकित पिता मोहन लाल शर्मा, मयूर पिता नंदकिशोर, दुर्गा प्रसाद पिता नाथूलाल, राधेश्याम पिता बृजकिशोर गुप्ता, आजीम उद्दीन पिता अनवर खान, साधना पति चन्द्रशेखर जोशी, चन्द्रबिसेन पिता मनोज, फातमा बी पति अमिर खान, राजेश पिता राधेश्याम, नरेन्द्र पिता रमेश, सालार मोहम्मद खान पिता गुलाम, अकरम पिता बाकु, बेगम बी पति मुश्ताक, महेश् पिता प्रेमचंद राठौर, शहजाद बी, जावेद खान पिता रहीम खान, वसीम खतरी पिता कयूब अली, देवेन्द्र पिता बाबुलाल, धरमदास पाल, श्रुति पिता नंकू विश्वकर्मा, मंगलसिंह गोवर्धन, मोहम्मद शकील पिता अब्दुल रशीद, राकेश पिता बाबुलाल कपूर, शंकर पिता तोताराम कुशवाह, मोमून पति शरीफ, नवीन कुमार पिता दुलीचंद वर्मा, राहूल पिता विजय कुमार जैन, राहूल पिता जुगल केथवास, मूलचंद पिता हरदास, सद्दाम पिता नियाज, विक्की पिता हंसराज वर्मा, रईस खान पिता रफी, कविता पति दिनेश, मोहम्मद गुलजार, सुरेश पिता गणपत काशिया, अनस पिता मजहर खान, पवन कुमार पिता सोहन, अकिला पति मो.उसमान, आनंद पिता मोहनलाल भाटिया, कमलेश पिता रतीलाल परमार, मो. इमरान अब्बासी, अमजद अली, शरीफ पिता अय्यूब, गोविंद पिता जमनादास जोशी, प्रवीण पिता रामदास चौहान, निरंजन पिता हिम्मतसिंह, प्रमिला पति नितेश मावर, नोशाद अली पिता रहमान, संध्या पति सुनील वर्मा, शाहील खान पिता करीम, उमेश पिता शिवनारायण गेहलोद, प्रदीप पिता प्रेम प्रकाश नामदेव, सुधीर पिता बालकृष्ण गौहर, मो.आरीफ पिता अब्दुला, मंजूर पिता महबूब खान, आसीफ खान पिता मसुद खान, कौशल पिता रामप्रसाद वर्मा, मो.हुसैन पिता बाबुखान, राजेश पिता तेजकुमार परमार, आदित्य पाठक पिता विश्वास, संतोष पिता केशवराव शामिल हैं। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने तत्कालिक जरूरतों की पूर्ति के लिये सुनील पिता कपिल को 15 हजार, इंदिरा परसिया पिता रमेश को दस हजार रूपये तथा अन्य को रेडक्रास से मदद स्वीकृत की।

### छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख

**इन्दौर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रूपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विदयार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की वार्षिक आय सीमा 8 लाख रूपये किये जाने की सहमति प्रदान की गई है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आय सीमा का बंधन समाप्त किया गया है। आय सीमा में वृद्धि से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के व्यापक अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

### राजस्व संग्रहण समय पर हो : श्री तोमर

**इन्दौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने मंगलवार को खरगोन जिले का दौरा किया। श्री तोमर ने बड़वाह में निमाड़ के चारों जिले के लिए संचालित कंपनी के क्षेत्रीय भंडार गृह का बारीकी से निरीक्षण किया। श्री तोमर ने क्षेत्रीय भंडार गृह के ट्रांसफार्मर व अन्य उपकरणों की रिपेयरिंग यूनिट को देखा और गुणवत्ता, समय पालन तथा प्रक्रिया पालन के लिए निर्देश दिए। श्री तोमर ने क्षेत्रीय भंडार में सिविल कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इंदौर और उज्जैन की मीटर परीक्षण लेब को एनएबीएल मिला है, इसी तरह बड़वाह की टेस्टिंग शाखा को भी राष्ट्रीय स्तर यानि एनएबीएल श्रेणी की बनाने की तैयारी की जाएं। श्री तोमर ने भंडार गृह संबंधी जानकारी कार्यपालन यंत्री विजय बारिया से प्राप्त की। बड़वाह संभाग के कार्यपालन यंत्री आकाश बंसल ने क्षेत्र की बिजली आपूर्ति, राजस्व संग्रहण, उपभोक्ता सेवाओं, शिकायत निवारण आदि के बारे में जानकारी दी।

# डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जिले में निरंतर जन-जागरूगता कार्य किया जा रहा है। मच्छरजनित बीमारियों में मलेरिया सबसे प्रचलित बीमारी है। यह बीमारी मादा एनाफिलीज़ मच्छर के काटने से होती है। ठंड लगकर बुखार आना मलेरिया का प्रमुख लक्षण हैं । मलेरिया की जांच एवं दवाईयां सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क प्रदान की जाती है। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क कर भी जांच करवाई जा सकती है। मलेरिया के इलाज के लिए प्रमाणिक एवं सुरक्षित दवाएं उपलब्ध हैं।**

मच्छरों से होने वाली बीमारी डेंगू की पहचान सही समय पर ना किये जाने पर घातक रूप ले सकती है। यह बीमारी एडीज मच्छर के काटने से फेलती है। जब कोई एडीज मच्छर डेंगू के किसी रोगी को काटता है तो वह उस रोगी का खून चूसता है। खून के साथ डेंगू वायरस भी मच्छर के शरीर में प्रवेश कर जाता है। मच्छर के शरीर में डेंगू वायरस का कुछ और दिनों तक विकास होता है। जब डेंगू वायरस युक्त मच्छर किसी अन्य स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो वह डेंगू वायरस को उस व्यक्ति के शरीर में पहुँचा देता है। इस प्रकार वह व्यक्ति डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाता है तथा कुछ दिनों के बाद उसमें डेंगू बुखार रोग के लक्षण प्रकट हो सकते हैं। जिस दिन डेंगू वायरस से संक्रमित कोई मच्छर किसी व्यक्ति को काटता है तो उसके लगभग 3-5 दिनों बाद ऐसे व्यक्ति में डेंगू बुखार के लक्षण प्रकट हो सकते हैं। यह संक्रामक काल 3-10 दिनों तक भी हो सकता है।

डेंगू बुखार के लक्षण : लक्षण इस बात पर निर्भर है कि डेंगू बुखार किस प्रकार का है। डेंगू बुखार तीन प्रकार के होते हैं। साधारण डेंगू बुखार, डेंगू हेनरेजिक बुखार, डेंगू शॉक सिन्ड्रोम, यदि डेंगू हेमरेजिक बुखार, डेंगू शॉक सिन्ड्रोम का तुरन्त उपचार शुरू नहीं किया जाता है तो वे जानलेवा सिद्ध हो सकते हैं। चिकिनगुनिया भी एडिज मच्छर से होने वाली बीमारी है। इस बीमारी के लिए लाक्षणिक उपचार प्रदान किया जाता है। मच्छर को पनपने से रोकना एवं मच्छरों से स्वयं को बचाना इन बीमारियों से बचने का सबसे आसान उपाय है। पानी के भराव को रोकना, आसपास के परिवेश में स्वच्छता का निर्माण, मच्छरदानी का उपयोग इत्यादि बेहद सरल उपाय हैं जो कि मच्छरों से एवं उनसे होने वाली बीमारियों से बचाव कर सकता है।

# दिव्यांगजनों हेतु 14 दिसंबर को आयोजित होगा सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम

## कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने जारी किये आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में इंदौर जिले में विश्व दिव्यांग दिवस के परिपेक्ष्य में दिव्यांगजनों हेतु सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 14 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे सिम्चा आयलेण्ड पीथमपुर रोड पर किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा आदेश जारी किये गये हैं। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र इंदौर श्रीमती शांता स्वामी को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती सुचित्रा तिर्की बेक को पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग कार्य सौंपा गया है। जारी आदेशानुसार एसडीएम राऊ सिम्चा आयलेण्ड में दिव्यांगजनों एवं उनके स्टॉफ के लिए भोजन एवं अन्य समुचित गतिविधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगें। एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र श्री आबिद अली समन्वय स्थापित करेंगें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंदौर द्वारा अटल सिटी बस ट्रांसपोर्ट इंदौर द्वारा बसों की व्यवस्था की जायेगी। जिन संस्थाओं के पास अपने स्वयं के वाहन है,वह अपने वाहन से ही बच्चों को अनिवार्य रूप से सिम्चा आयलेण्ड लेकर आयेगें। मोबाइल स्त्रोत सलाहकार जिला शिक्षा केन्द्र श्री योगेश उमडेकर द्वारा समन्वय किया जायेगा। समस्त मोबाईल स्त्रोत सलाहकार बच्चों से विभिन्न गतिविधियों एवं संस्थाओं से समन्वय स्थापित करेंगें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना - छोटे व्यापार वालों को लाभप्रद

**इंदौर।** केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में शहरों में सड़कों के किनारे छोटे-मोटे काम धंधे करने वालों को बिना किसी गारंटी के 10 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में प्रदेश सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी ब्याज के 10 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी मिल रही है। योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक हितग्राही को डिजिटल ट्रांजेक्शन से जोड़ने के लिए यूपीआई-आईईडी और यूआर कोड उपलब्ध कराया गया है। डिजिटल ट्रांजेक्शन पर प्रतिवर्ष 1200 रूपए की अतिरिक्त राशि दी जाती है। अगर हितग्राही द्वारा समय पर ऋण चुका दिया जाता है तो उसे वर्ष में 20 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। जैसे-जैसे स्ट्रीड वेंडर अपना कार्य आगे बढ़ायेंगे वैसे ही उनको मदद बढ़ती जाएगी और वे आत्म निर्भर होते चले जाएंगे। चाय-पान की दुकान, चाट, मूंगफली बेचने, पंचर बनाने, जूते सुधरवाने, सैलून चलाने या झाडू बेचने आदि का कार्य करने वाले कई नागरिकों को योजना में लाभांवित किया जा चुका है।

### नवनिर्मित जीवाश्म संग्रहालय एक महीने रहेगा पर्यटकों के लिए नि :शुल्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रालामंडल अभयारण्य नर्मदा जीवाश्म संग्रहालय को खोलने का फैसला वनमंडल ने किया है। शुरूआत में यह संग्रहालय महीनेभर के लिए पर्यटकों हेतु नि:शुल्क रहेगा। डीएफओ महेंद्र सिंह सोलंकी ने अभयारण्य का दौरा करने के बाद अधिकारियों को महीनेभर पर्यटकों को मुफ्त प्रवेश देने के निर्देश दिए। वहीं जनवरी से पर्यटकों को टिकट के माध्यम से प्रवेश मिलेगा। मुख्यालय ने दरें तय कर दी। बता दें कि अभयारण्य में नया संग्रहालय एनिमल जोन यानी डियर सफारी में बनाया है । यहां करोड़ों वर्ष पुराने डायनासोर के अंडे, समुद्री जीव, भीमकाय पेड़ सहित अन्य जीवाश्म रखे है। हालांकि संग्रहालय का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। पहले जीवाश्म से जुड़े साहित्य व जानकारी को एकत्रित करने की वजह से पर्यटकों के लिए खोला नहीं गया था। अब शुरूआती तैयारियों के बाद इसे आंशिक रूप से खोलने के निर्देश दिए गए हैं।

## बेटी के बॉयफ्रेंड के पिता की गोली मारकर हत्या

### लड़के के दादा बोले- नाती को लड़की ने मजबूर किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर पुलिस ने बेटी के प्रेमी के पिता की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवक और नाबालिग लड़की का पता नहीं चल सका है। दोनों शनिवार से लापता हैं। युवक के दादा का कहना है कि लड़की को हमने समझाया भी था कि अपने समाज में शादी कर लो। वह नहीं मानी। पुलिस नाती पर कार्रवाई करती है तो यह भी देखे कि उसे लड़की ने मजबूर किया था, इसीलिए वह उसके साथ गया। मामला जबलपुर के चरगवां थाना इलाके के सुनवारा गांव का है। यहां रविवार रात श्याम सिंह पटेल (46) ने धन सिंह (41) की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी जंगल की ओर भाग गया। सोमवार दोपहर उसे पकड़ा गया। उसे शक है कि उसकी बेटी को धन सिंह का बड़ा बेटा भगा ले गया है।

### नाती को खत्म कर देते, हम एक शब्द नहीं कहते...

मेरे बेकसूर बेटे धन सिंह की श्याम सिंह ने हत्या कर दी है। उसे इतनी कड़ी सजा दी जाए कि फिर कभी कोई इस तरह का अपराध न करे। मेरे नाती शुभम ने अपराध किया है। उसे जान से मार देते। हम एक शब्द नहीं कहते। जब हमें पता चला कि नाती शुभम (22) और श्याम सिंह की बेटी (17) मुलाकात करते हैं, तब हमने उनके रिश्तेदारों से यह बात बोली भी थी, पर लड़की सिर्फ शुभम के साथ ही रहना चाहती थी। कुछ दिन पहले ही शुभम घर से 14000 रुपए लेकर गया और लड़की को दे आया। इसके चार दिन पहले भी 8000 रुपए लेकर दिए थे।

## युवक को पिलर से बांधकर पीटा, चार पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर थाना क्षेत्र के लसुल्डी गांव में एक युवक की घर के पिलर पर रस्सी से बांधकर पिटाई का मामला सामने आया है। इसका वीडियो सोमवार को सामने आया। घटना रविवार की बताई जा रही है। घायल गिरिराज दांगी को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसके परिजन की शिकायत पर खिलचीपुर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गिरिराज के भाई कमल दांगी ने वह अपने परिवार के साथ लसुल्डी गांव में रहते हैं। हमारा मोहनलाल से परिवार से पुराना विवाद चल रहा है। रविवार सुबह मेरे भाई गिरिराज ने गांव के मंदिर में प्रसाद चढ़ाया। जब वहां प्रसाद बांट रहा था, तब मोहनलाल से उसकी कहासुनी हो गई। उस समय मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से सुबह तो मामला शांत हो गया था, लेकिन रात को जब मेरा भाई गिरिराज गांव में घूम रहा था तो राधेश्याम दांगी, रामचरण दांगी, महेश दांगी और शैतान बाई ने उसको पकड़ा और घसीटते हुए अपने घर के पास ले गए।

# सबसे पहले होगी सीएम सचिवालय की सर्जरी

### ◆सीएम मोहन यादव के प्रमुख सचिव और सचिवालय के अफसर बदलेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश के नए मुख्यमंत्री 13 दिसम्बर को शपथ लेंगे। ऐसे में सीएम पद की शपथ लेने या उसके पूर्व भी सीएम सचिवालय के अफसरों में पद स्थापना में बदलाव होना तय है। इसके अलावा प्रशासनिक स्तर पर अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव स्तर के अफसरों की पदस्थापना भी बदलेगी। इसके बाद कई जिलों में कलेक्टर, कमिश्नर, आईजी और संभागायुक्त भी बदले जा सकते हैं। मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करने के बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मोहन यादव को सरकार बनाने का न्यौता दिया है और इसके लिए शपथ की तैयारियां भी भोपाल जिला प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। इस बीच सीएम बदलने के साथ प्रदेश स्तर पर होने वाली प्रशासनिक सर्जरी की भी चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में सबसे पहले मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव को लेकर चर्चा है। वर्तमान प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी 24 मार्च 2020 से सीएम के पीएस के तौर पर पदस्थ हैं।**

उन्हें साढ़े तीन साल से अधिक समय सीएम के पीएस के तौर पर काम करते हो चुका है। ऐसे में मंत्रालय के गलियारे में चर्चा है कि सीएम के नए पीएस की पदस्थापना जल्द हो सकती है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में उच्च शिक्षा विभाग में आयुक्त और उप सचिव के रूप में काम कर चुके अफसरों की पदस्थापना भी होने की उम्मीद है। नए सीएम की प्रशासनिक जमावट में सबसे पहले उन अफसरों का हटना तय माना जा रहा है जो एक ही विभाग में तीन साल या अधिक समय से पदस्थ हैं।

इनमें अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मो. सुलेमान, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ राजेश राजौरा के नाम प्रमुख हैं क्योंकि इन अधिकारियों की पोस्टिंग तीन साल से अधिक समय से एक ही विभाग में एक ही पद पर है। इसके अलावा ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे भी एक ही विभाग में लंबे अरसे से पदस्थ हैं।

### मुख्य सचिव के नाम पर भी हो सकता है फैसला

नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ के बाद यादव नए मुख्य सचिव के पद को लेकर भी फैसला करेंगे। वर्तमान मुख्य सचिव वीरा राणा तीस नवम्बर की शाम से मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी अतिरिक्त प्रभार के रूप में निभा रही हैं। अब जबकि सीएम का चेहरा बदल गया है तो मुख्य सचिव के चेहरे को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं।

नए मुख्य सचिव के नामों पर भी जल्द ही निर्णय हो सकता है। वर्तमान मुख्य सचिव राणा 31 मार्च को रिटायर होने वाली हैं। ऐसे में सीएम बनने के बाद यादव सीएस राणा को रिटायरमेंट तक वर्तमान जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। पूर्व में यह कयास लगाए जाने लगे थे कि चूंकि प्रदेश में बीजेपी की वापसी लाड़ली बहना योजना के चलते हुए हैं और अगर सीएम के रूप में शिवराज की ही ताजपोशी होती तो वीरा राणा को मार्च तक कंटीन्यू किया जा सकता था, लेकिन अब इसमें बदलाव के कयास लगाए जा रहे हैं।

# उत्तर से सर्द हवाओं का प्रदेश में रुख, सर्दी बढ़ी

### पचमढ़ी, ग्वालियर-राजगढ़ सबसे ठंडे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। उत्तर से आ रही सर्द हवाओं ने मध्यप्रदेश में ठंड का असर बढ़ा दिया है। भोपाल, नर्मदापुरम समेत कई जिलों में मंगलवार सुबह कड़ाके की ठंड रही। पचमढ़ी, ग्वालियर और राजगढ़ सबसे ठंडे हैं। यहां दिन के साथ रात के टेम्प्रेचर में भी गिरावट हुई है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें, तो बादल छंटने और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव नहीं होने से मौसम ऐसा है। अगले 2-3 दिन तक ऐसी ही ठंड पड़ेगी।**

### इसलिए ऐसा मौसम

सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि आसपास नया सिस्टम नहीं है। बादल छंट गए हैं और नमी घटी है। वहीं, उत्तर पश्चिम से सर्द हवा आ रही है। इस कारण प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ा है।

### राजगढ़ @ 7.6, पचमढ़ी से भी ठंडा

प्रदेश में राजगढ़ सबसे ठंडा रहा। यहां रात में न्यूनतम पारा 7.6 डिग्री तक पहुंच गया। पचमढ़ी में यह 8.8 डिग्री रहा। रीवा में 10.5, उमरिया में 10.6 तो गुना में रात का टेम्प्रेचर 10.8 रहा। बाकी जगह पारा इससे ऊपर ही रहा। सबसे ज्यादा रात का टेम्प्रेचर 15.6 नर्मदापुरम में दर्ज हुआ।

रायसेन के श्री राम-जानकी मंदिर में श्री राम दरबार को ऊनी कपड़े पहनाए गए हैं। पुजारी संतोष ने बताया कि सर्दी से बचाने के लिए भगवान को गर्म कपड़ों से ढंका गया है। सागर में भी सुबह कोहरा छा रहा है। तेज ठंड है। पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहीं इन युवतियों ने अपनी प्रैक्टिस को जारी रखा।

## बीज निगम सीड इंस्पेक्टर को 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**सिवनी।** सिवनी में लोकायुक्त जबलपुर टीम ने छापा मार कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश सीड निगम कार्यालय में सीड इंस्पेक्टर तृष्णा चौहान को 20000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। जानकारी के अनुसार शिवनाथ पिता रामकरण चंद्रवंशी (38) ग्राम पिंडरई ने लोकायुक्त जबलपुर को शिकायत की थी कि मध्य प्रदेश सीड निगम में सीड इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत तृष्णा चौहान ने उससे बीज प्रमाणीकरण टैग जारी करने के एवज में 30000 रुपए की रिश्वत मांगी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि तान्या बीज उत्पादक सहकारी समिति में वह अध्यक्ष है। उसे बीच का प्रमाणीकरण टैग जारी करवाना था, जिसमें अपने हस्ताक्षर करने के बदले में सीड इंस्पेक्टर ने उनसे 30000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। 20 हजार रुपए देते समय लोकायुक्त ने दबिश देकर सीड इंस्पेक्टर कृष्णा चौहान को कार्यालय में रंगे हाथ पकड़ा लिया।

# तो क्या शिवराज को भारी पड़ा महिला बाल विकास

### 15 साल में विभाग संभालने वाली छह महिला मंत्री नहीं जीतीं अगला चुनाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेश में पिछले 15 साल के अंतराल में जिसने भी महिला और बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी संभाली, उसे या तो मंत्री पद खोना पड़ा है या विधायक का पद गंवाना पड़ा है। प्रदेश के छह महिला नेत्रियों के इस विभाग के मंत्री रहने के बाद के घटनाक्रम तो इसी की ओर इशारा कर रहे हैं। अब मुख्यमंत्री के पद पर मोहन यादव की ताजपोशी के बाद कार्यवाहक सीएम की भूमिका निभा रहे शिवराज सिंह चौहान को लेकर भी इस तरह की बातें कही जा रही हैं। कार्यवाहक सीएम चौहान 2021 में इमरती देवी के चुनाव हारने के बाद महिला और बाल विकास विभाग अपने पास रखे थी। उन्होंने किसी को इस विभाग का मंत्री नहीं बनाया था। अब चौहान के सीएम पद से हटने के बाद महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारी सबसे अधिक खुश हैं। इस विभाग के अफसरों के सोशल मीडिया ग्रुप्स पर उन मंत्रियों के नाम कल से वायरल हो रहे हैं, जो विभाग के मंत्री रहे और फिर अगले चुनाव में न विधायक न मंत्री बन सके। इस विभाग के अफसरों का कहना है कि उनसे लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना समेत अन्य विभागीय योजनाओं को लेकर काम तो जमकर कराया जाता था, लेकिन जब अफसरों की हित की बात होती, तो नजरअंदाज कर दिया जाता। अब शायद नए मुख्यमंत्री उनकी समस्याओं की सुध लें।

### ऐसे रहा मंत्री पद से विधायकी खोने का सफर

**इमरती देवी-** इमरती देवी पहले 2018 में बनी कमलनाथ सरकार और फिर शिवराज सरकार में महिला और बाल विकास विभाग की मंत्री रहीं थीं। वे पिछले उपचुनाव में हार गई थीं। उन्हें सुरेश राजे ने हराया था। इस चुनाव में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

**अर्चना चिटनिस-**अर्चना चिटनिस को 2018 के विधानसभा चुनाव से ठीक दो साल पहले महिला एवं बाल विकास विभाग का मंत्री बनाया गया था, लेकिन 2018 के चुनाव में वे बुरहानपुर विधानसभा सीट से चुनाव हार गईं। उन्हें निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा ने हराया था।

**माया सिंह-** माया सिंह 2013 के विधानसभा चुनाव के बाद महिला और बाल विकास विभाग की मंत्री बनीं थीं लेकिन 2018 के चुनाव के दो साल पहले उनका विभाग बदल दिया गया था। इसके बाद 2018 के चुनाव में इन्हें टिकट नहीं दिया गया।

**ललिता यादव-** ललिता यादव को भी 2018 के चुनाव के पहले महिला बाल विकास विभाग में राज्यमंत्री बनाया गया था। वे भी 2018 का चुनाव हार गईं। हालांकि 2023 में वे जीती हैं।

**कुसुम महदेले-** 2003 में मध्य प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद कुसुम महदेले को महिला एवं बाल विकास विभाग का मंत्री बनाया गया था लेकिन 2008 के चुनाव में उन्हें इसी विभाग का मंत्री रहते हुए महज 48 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।

**रंजना बघेल-** रंजना बघेल को 2007 में महिला बाल विकास विभाग के राज्यमंत्री बनाया गया था लेकिन मंत्री रहते हुए रंजना बघेल मनावर विधानसभा सीट से 2008 का विधानसभा चुनाव हार गई थीं।

**मीना सिंह व जमुना देवी रहीं अपवाद-** प्रदेश की दो महिला मंत्री रहीं मीना सिंह ही ऐसी हैं, जो महिला बाल विकास विभाग में मंत्री रहने के बाद भी नहीं हारीं। पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष रह चुकीं जमुना देवी इस मिथक पर एक अपवाद रही हैं। वे महिला बाल विकास विभाग की मंत्री रहते हुए भी चुनाव जीतती रही थीं। दिग्विजय सिंह के मंत्रिमंडल में जमुना देवी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी संभाली, लेकिन वे चुनाव नहीं हारीं। इसी तरह मीना सिंह भी 2003 के चुनाव के बाद महिला बाल विकास विभाग की राज्यमंत्री रही हैं, लेकिन चुनाव नहीं हारीं।

## New Delhi

# हिमाचल से कश्मीर तक भारी बर्फबारी, दिल्ली में भी गिरा तापमान; बिहार-यूपी में भी बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली, (एजेंसी) हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम ने फिर से करवट बदली है। राज्य के कुल्लू और लाहौल घाटी में सोमवार देर रात से लेकर मौसम खराब हो गया। बारालाचा सहित ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। वहीं, राजधानी शिमला और उसके आसपास इलाकों में आज धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए हुए हैं। वहीं, कश्मीर में भी बर्फबारी के आसार हैं। 16 दिसंबर तक अलग-अलग जगहों पर भारी बर्फबारी हो सकते हैं। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी दिख रहा है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और झारखंड में भी तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।**



मौसम विभाग के अनुसार, रोहतांग के साथ बारालाचा, सेवन सिस्टर पीक, हनुमान टिब्बा सहित ऊंची चोटियों में ताजा हिमपात हुआ है। मौसम के बदले तेवरों से समूची घाटी में शीतलहर चल रही है। वहीं, बर्फ के दीदार के लिए कोकसर में पूर्वाह्न 10 बजे बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे और खूब अठखेलियां कीं। इसके अलावा सिस्सू और अटल टनल के नोर्थ पोर्टल में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज राज्य के मध्य एवं उच्च पर्वतीय कुछ भागों में हल्की बारिश-बर्फबारी होने का अनुमान जताया गया है। इसके बाद 13 से 15 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहने के आसार हैं। 16 दिसंबर को फिर से कुछ भागों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है।

## Uttarpradesh

### बलरामपुरः तेंदुए के हमले में मारा गया 10 साल का पोता, दादा की सदमे से मौत

**बलरामपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में तेंदुए के हमले से सोमवार को 10 साल के समीर अंसारी की मौत हो गई थी। पोते की मौत का सदमा उसके दादा बर्दाश्त नहीं कर पाए, जिस कारण मंगलवार को उनकी भी मौत हो गई. मामला हरैया थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव का है. वन अधिकारी एमबी सिंह ने बताया कि समीर नाम का यह बच्चा सोमवार को बकरियां चराकर गांव लौट रहा था तभी एक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसे जंगल में ले गया.

इसके बाद उसका शव गांव के पास एक झाड़ी में मिला. उधर, बच्चे की मौत से परिवार में मातम पसर गया. बच्चे के दादा मोर्रम अली तो पोते की मौत की खबर सुनकर इस कदर सदमे में चले गए कि मंगलवार को उनकी भी मौत हो गई. बता दें, तेंदुए के आतंक से पूरे इलाके में दहशत है. तेंदुए के हमले में अब तक छह बच्चों की मौत हो चुकी है. जबकि, सात बच्चे घायल हो चुके हैं. तेंदुए के आतंक से निपटने के लिए वन विभाग के सारे प्रयास फेल हो रहे हैं. प्रभावित इलाकों में एक दर्जन से ज्यादा पिंजरे लगाए गए हैं लेकिन अभी तक तेंदुआ उन पिंजरो में कैद नहीं हो सका.

## Jammu Kashmir

### अनंतनाग में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो आतंकवादी गिरफ्तार



**जम्मू, (एजेंसी)** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। अनंतनाग के बिजबेहाड़ा में पुलिस और सेना के संयुक्त ऑपरेशन में दोनों संदिग्धों को पकड़ा। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। चिनार कॉर्प्स के अनुसार, अनंतनाग के बिजबेहड़ा में सेना और पुलिस द्वारा एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित किया गया। इस दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। उनके पास से एक पिस्तौल और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई। इस संबंध में मामला दर्ज कर आगामी जांच की जा रही है।

## Uttarakhand

### सुनवाई के इंतजार में बैठी दुष्कर्म पीड़िता ने कोर्ट परिसर में खाया जहर, गर्भपात की गुहार

**देहरादून, (एजेंसी) गर्भवती दुष्कर्म पीड़िता ने मंगलवार की सुबह रुड़की न्यायालय परिसर में कीटनाशक गटक लिया। इसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई। युवती को उपचार के लिए सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर लाया गया। हालत में सुधार न होता देख उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया।**

दुष्कर्म पीड़िता कोर्ट में तारीख पर आई थी। उसने कोर्ट में गर्भपात कराने के लिए प्रार्थना-पत्र दे रखा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बदायूं की रहने वाली युवती भगवानपुर थाना क्षेत्र में किराये के कमरा लेकर रह रही थी। इसी साल युवती की मुलाकात तैय्यब निवासी रोलाहेडी, थाना भगवानपुर से हुई थी।

आरोप है कि तैय्यब ने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बाद में शादी से इनकार कर दिया। इसको लेकर दोनों पक्षों में पंचायत भी हुई और मामला थाने तक पहुंचा था। इसी बीच पता चला कि युवती गर्भवती है। इसी बीच पीड़िता ने एसएसपी से भी गुहार लगाई।

## खेल

# दक्षिण अफ्रीका से टी20 में भारत को मिली लगातार तीसरी हार

### रिंकू और सूर्यकुमार की मेहनत पर फिरा पानी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर हार के साथ शुरुआत की। तीन टी20 मैचों में की सीरीज के दूसरे मुकाबले में उसे पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। डरबन में पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। टीम इंडिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 में लगातार तीसरी हार मिली है। उसे पिछले साल अक्तूबर में इंदौर और पर्थ में हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद डरबन में मैच बारिश के कारण नहीं हुआ।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके घरेलू मैदान पर भारत पांच साल बाद कोई टी20 मैच हारा है। उसे पिछली हार 2018 में सेंचुरियन के मैदान पर मिली थी। भारत के खिलाफ इस मैच में जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 14 दिसंबर को खेला जाएगा। उस मुकाबले में अगर टीम इंडिया हारती है तो वह सीरीज हार जाएगी। भारत दक्षिण अफ्रीका में पिछली बार 2012 में टी20 सीरीज हारा था। तब सीरीज में सिर्फ एक ही मैच था। उसके बाद भारत ने 2018 में 2-1 से जीत हासिल की थी।

गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय भारत ने 19.3 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बना लिए थे। उसके बाद टीम इंडिया आगे नहीं खेल पाई। डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर दक्षिण अफ्रीका को 15 ओवर में 152 रन का लक्ष्य मिला। उसने 13.5 ओवर में 154 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

अफ्रीकी टीम के बल्लेबाजों ने मुश्किल से लक्ष्य को आसान बना दिया। उन्होंने लगातार भारतीय गेंदबाजों पर हमले किए और रन रेट को कम नहीं होने दिया। रीजा हेंड्रिक्स 27 गेंद पर सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। कप्तान एडेन मार्करम ने 17 गेंद पर 30 रन की पारी खेली। डेविड मिलर ने 17, मैथ्यू ब्रीट्जके ने 16, ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 14 और एंडिले फेहलुकवायो ने नाबाद 10 रन बनाए। हेनरिच क्लासेन ने सात रन बनाए। फेहलुकवायो ने 14वें ओवर की पांचवीं गेंद पर रवींद्र जडेजा को छक्का मारा और मैच को समाप्त किया। भारत के लिए मुकेश कुमार ने दो विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को एक-एक सफलता मिली।

इससे पहले भारत के लिए रिंकू सिंह 39 गेंद पर 68 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 56 रन की पारी खेली है। तिलक वर्मा ने 29 और रवींद्र जडेजा ने 19 रन बनाए हैं। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और अर्शदीप सिंह खाता नहीं खोल पाए। जितेश शर्मा एक रन बना पाए।

## सिनेमा

### दिग्गज मराठी अभिनेता रवींद्र बेर्डे का निधन, 78 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा



मराठी फिल्म इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। दिग्गज मराठी अभिनेता रवींद्र बेर्डे का निधन हो गया है। 78 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। रवींद्र बेर्डे ने अपने रोल से मराठी सिनेमा में अलग पहचान बनाई। वे पिछले कुछ समय से गले के कैंसर से पीड़ित थे। कुछ महीने से उनका इलाज टाटा अस्पताल में चल रहा था। अभिनेता के अलावा रवीन्द्र बेर्डे की एक और पहचान यह है कि वे लक्ष्मीकांत बेर्डे के भाई थे। दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम भी किया। जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले ही उन्हें अस्पताल से घर लाया गया था। घर आने के बाद अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। वे बीस साल की उम्र में नभोवनी और 1965 में थिएटर से जुड़े थे। उन्होंने 300 से अधिक मराठी फिल्मों में अपने अभिनय से लोगों का दिल जीता। उनके निधन से मराठी फिल्म इंडस्ट्री में शोक में डूब गई है। रवींद्र बेर्डे के परिवार में उनकी पत्नी, दो बच्चे, बहू और पोते-पोतियां हैं। फैंस भी सोशल मीडिया के जरिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

## संपादकीय

# जांच का दायरा

संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने और वेबसाइट का लाग-इन साझा करने के आरोप प्रकृति में अलग और गंभीर हैं, मगर सबूतों के आधार पर कार्रवाई की सिफारिश के समांतर महुआ मोइत्रा को पक्ष रखने का मौका देने की उम्मीद की जा रही थी। यों इससे पहले समिति की जांच के दौरान उन्होंने निजी सवाल किए जाने का आरोप लगाया था। गत दिनों आचार समिति की रिपोर्ट लोकसभा में पारित हो गई और पैसे लेकर सदन में सवाल पूछने के मामले में फैसला उनके खिलाफ गया। गौरतलब है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस से सांसद महुआ मोइत्रा पर यह आरोप लगाया था कि उन्होंने भारतीय कारोबारी गौतम अदाणी और उनकी कंपनियों के समूह को निशाना बनाने के लिए संसद में लगातार सवाल पूछे, मगर इसके लिए उन्हें रिश्वत मिली। इसके अलावा, उन पर लोकसभा पोर्टल का लाग-इन भी किसी अन्य के साथ साझा करने का आरोप है। इस मामले में महुआ मोइत्रा का कहना है कि उन्हें संसद में अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। जाहिर है, अब इस पहलू पर भी बहस होगी कि सदस्यता रद्द करने जैसे सबसे सख्त फैसले के बजाय क्या इस मामले में कोई और विकल्प या बीच का रास्ता नहीं बचा था? दरअसल, पैसे लेकर सदन में मुद्दा उठाने को लेकर अक्सर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। इस तरह के आरोप के कारण किसी सांसद को सदन से निष्कासित करने के मामले पहले भी आए हैं। मगर जहां तक महुआ मोइत्रा का सवाल है, तो इस मामले में अपने ऊपर लगे आरोपों को उन्होंने निराधार बताया और कहा कि उनके नगद या तोहफे लेने का सबूत कहीं नहीं है और वे हर तरह की जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। लोकसभा का पोर्टल किसी अन्य व्यक्ति से साझा करने को लेकर उनका मानना है कि इस बारे में कोई स्पष्ट नियम नहीं है। ऐसे में यह देखने की बात होगी कि इस मामले में आचार समिति के निष्कर्ष के क्या आधार हैं। फिर भी, अगर इस आरोप के पुख्ता सबूत हैं, तो ह्यलाग-इनह्ण किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा करना क्या नैतिक और तकनीकी दृष्टि से उचित है और क्या यह अपने दायित्वों की सीमा की अनदेखी नहीं है? जहां तक आचार समिति के पास निष्कासित करने और प्रक्रिया के दुरुपयोग का मसला है, तो इस पर संसद में बहस हो सकती थी, जहां इस बारे में कोई स्पष्ट तस्वीर उभरती। इस समूचे मामले में विपक्ष को सवाल उठाने का मौका इसलिए भी मिला कि कुछ समय पहले लोकसभा में ही भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सदस्य दानिश अली को आपत्तिजनक बातें कही थीं और धर्म-आधारित टिप्पणियां की थीं। मगर उनके मामले में सुनवाई और कार्रवाई को लेकर ऐसी ही सख्ती नहीं दिखी।

**Quote...**

"The greatest glory in living lies not in never falling, but in rising every time we fall."

-Nelson Mandela

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**मैं छोड़ न सका अंधेरे को...**
**अकेला पैगाम तो बहुत आए थे**
**सूरज के घर से...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Parents**

# अगले महीने NASA पेश करेगा
## दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला
# सुपरसोनिक प्लेन



अमेरिका ने ऐसा सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट बनाया है, जो बिना आवाज के तेज गति में उड़ान भर सकता है. इसकी गति 1510 किलोमीटर प्रतिघंटा है. यानी दिल्ली से मुबंई की दूरी एक घंटे से कम समय में पूरी की जा सकती है. अब इस प्लेन को NASA दुनिया के सामने पेश करने जा रहा है. लोगों के सामने इस प्लेन का प्रदर्शन किया जाएगा.

12 जनवरी 2024 में नासा अपने प्लेन X-59 को सबके सामने पेश करेगा. यह प्लेन आपको ध्वनि की गति से डेढ़ गुना ज्यादा रफ्तार से आपकी मंजिल तक पहुंचा सकता है. अगर इस विमान की तकनीक के आधार पर नए प्लेन बनाए जाएं तो अगले दो साल में आप दोबारा ध्वनि की गति से ज्यादा की स्पीड से उड़ सकेंगे.

नासा 30 वर्षों से नासा इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है कि कैसे सुपरसोनिक स्पीड पर सोनिक बूम (धमाकेदार आवाज) को कम किया जा सके. उन्हें अब इस विमान की बदौलत यह सफलता मिली है. अब तक इसके सारे परीक्षण सही रहे हैं. लॉकहीड मार्टिन कंपनी इस विमान को बना रही है. इसके डिजाइन में बदलाव होगा, ताकि इसमें ज्यादा यात्री बैठ सकें.

नासा ने बताया कि अभी तक X-59 विमान की परीक्षण उड़ानें ही चल रही थीं. पिछले तीन साल में यह कई बार उड़ान भर चुका है. यह अधिकतम 55 हजार फीट की ऊंचाई तक जाता है. यह अपनी उड़ान के समय अन्य विमानों की तुलना में 75 फीसदी कम आवाज करेगा.

नासा के अनुसार इस विमान को बनाने में कुल 1755 करोड़ से ज्यादा लगेंगे. लॉकहीड मार्टिन इसी लागत के तहत ही इसके नए वर्जन का निर्माण करेगी. वर्ष 2003 में उस समय का सुपरसोनिक नागरिक विमान कॉनकॉर्ड की उड़ान को एक हादसे के बाद बंद कर दिया गया.

इस विमान की अधिकतम गति 2000 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा था. यानी ध्वनि की गति से करीब दोगुनी ज्यादा. लेकिन, जैसे ही ध्वनि की गति का बैरियर तोड़ती थी, बहुत सोनिक बूम होता था. यानी बम फटने जैसी डरावनी आवाज.

## Highlights

- **IndiGo pilot seeks permission to carry kirpan on planes, HC issues notice to govt**
- **Survivor Escapes After Being Raped 3 Times During Train Journey**
- **Video shows man doing stunts in auto, hitting cyclist in Delhi**
- **Infant Rescued from Odisha Borewell After Five-Hour Operation**
- **Bihar Woman Arrested for Acid Attack on Man Refusing Marriage**
- **Speed limits issued for 9 roads from today in Mumbai**
- **Mahadev betting app owner Uppal arrested in Dubai, to be brought to India: Reports**

# Inflation rises to a three-month high of 5.55%, driven by food costs

**NEW DElHI, (Agency).** NEW DELHI: Food costs pushed up retail prices in November to a three-month high, reflecting continued underlying pressure from cereals and perishables, and supply-side volatility due to extreme weather, official data showed on Tuesday. Persistent high food prices could complicate the Reserve Bank of India's (RBI) efforts to keep inflation within its target band of 4(+/-2)%, analysts said.

Retail inflation, as measured by the consumer price index, rose 5.55% in November 2023 from a year ago, up from 4.87% in October, but slightly below expectations. Core inflation, which strips out volatile items, such as food, fuel and energy costs, continued to decline at 4.1%, data released by the ministry of statistics and programme implementation showed. In November 2022, retail prices increased 5.88%. Food prices in the month, as



measured by the combined food price index, a sub-component, ticked up sharply to 8.70% year-on-year, compared to a rise of 6.61% in October. Food articles account for nearly half of the consumer inflation basket. Inflation rose higher in rural India at 5.85% in November than 5.26% in urban centres, according to the data. Among major segments, cereal inflation in November stood at a staggering 10.27%. while vegetables rose 17.70%, according to the data. Pulses, another key group of essential items, went up 20.23%. Fuel and light inflation dropped 0.77%, while housing prices rose a moderate 3.55%. Footwear became expensive by 3.29%. Most analysts expected India's retail prices to have increased further in November. The consumer price index likely rose to 5.8% in November, a poll of 23 economists by HT's sister publication Mint said. "Core inflation is currently reaching the RBI's target. The RBI's caution (in not bringing down key interest rates) is warranted given the substantially larger weight of food products in India's retail basket," Sujan Hajra, chief economist at Anand Rathi Stocks and Shares.

## Elon Musk's SpaceX value jumps closer to $180 billion in tender offer

**NEW DElHI, (Agency)** SpaceX will sell insider shares at $97 apiece in a tender offer, a price increase that boosts the value of Elon Musk's space and satellite company closer to $180 billion, according to people familiar with the matter.

The world's second-most valuable closely held startup has been discussing a tender offer that could range from $500 million to $750 million, Bloomberg News reported on Dec. 6.

The share price increased




from the roughly $95 discussed last week, said the people, who asked not to be identified because the information is confidential. The rising valuation illustrates strong investor demand for a stake in the dominant space transportation company and its fast-growing Starlink internet-from-space service.

Terms and the size of the tender offer could change, the people said.

Representatives for SpaceX, formally known as Space Exploration Technologies Corp., didn't immediately respond to a request for comment. Closely held companies use tender offers like this one to give employees a chance to unlock the value of their holdings in the period before an initial public offering.



इंदौर। नवनियुक्त उज्जैन के विधायक मोहन यादव को संगठन द्वारा मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा होने पर मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ सदस्य व भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास यादव, समाज सेवक मोहन यादव, दीपक यादव, अर्जुन यादव, अमन यादव अन्य समाज के लोगों ने तिलक नगर चौराहे पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

# इंदौर से हथियार खरीदकर पंजाब में करते थे तस्करी

## ◆ दो तस्कर पकड़ाए, 10 देसी पिस्टल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पंजाब के जालंधर में कमिश्नरेट पुलिस ने इंदौर से हथियार लेकर पहुंचे 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनसे पुलिस ने करीब 10 देसी पिस्टल और 10 मैगजीन बरामद की हैं। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान गुरदासपुर के रहने वाले दिलप्रीत सिंह उर्फ दिल और अजीतपाल सिंह उर्फ शालू निवासी फतेहगढ़ चूड़ियां (गुरदासपुर) के रूप में हुई है।**

दोनों से पुलिस ने पांच-पांच वेपन और पांच-पांच मैगजीन बरामद की हैं। इनके खिलाफ थाना जालंधर कैंट में केस दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी मध्य प्रदेश के इंदौर से हथियार लेकर आए थे। आरोपियों को फगवाड़ा की ओर से आते वक्त गिरफ्तार किया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने माना कि दोनों सिर्फ 12वीं क्लास तक ही पढ़े हैं और दोनों की उम्र 23 साल है। दोनों एक दूसरे को पिछले काफी समय से जानते थे। ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में आरोपियों ने वेपनों की तस्करी शुरू की थी। आरोपी दिलप्रीत के पिता इलेक्ट्रीशियन हैं।

### दिल्ली से इंदौर गए थे

पूछताछ में आरोपियों ने कहा कि वह बीती 5 दिसंबर को रात अमृतसर से बस में बैठकर दिल्ली के लिए निकले थे। जिसके बाद दिल्ली से उन्होंने इंदौर के लिए बस ली थी। काफी समय से इंदौर के हथियार तस्करों के संपर्क में थे। इंदौर से एक पिस्टल 22 हजार में खरीदते थे। जिसे पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में वह 70 से 80 हजार रुपए में बेचते थे। पुलिस जल्द इस मामले में कुछ और आरोपियों को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर ला सकती है।

# कार पर डाला तेजाब

**इंदौर।** महू के कोतवाली चौक पर स्थित एडिशनल एसपी ऑफिस के ठीक पास सोमवार देर रात असामाजिक तत्व ने पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष की कार पर चारों ओर तेजाब डाल दिया। इसके कारण पूरी कार का पेंट निकल गया। पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने बताया कि सोमवार रात को उनके ड्राइवर ने कोतवाली चौक पर अपनी कार पार्क की थी। सुबह आकर देखा तो कार के चारों ओर किसी ने तेजाब डाल दिया और आग लगाने का प्रयास किया। तेजाब डालने के कारण पूरी कार का पेंट निकल रहा है। मामले की शिकायत पूर्व उपाध्यक्ष ने कोतवाली थाने में की है इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं। इसके पहले भी शहर में गाड़ियों के कांच फोड़ने की घटनाएं सामने आ चुकी है, लेकिन अब यह तेजाब डालने का दूसरा मामला देखने को मिला है।

# सूने मकानों में नकबजनी करने वाला गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस ने ऐसे चोर को पकड़ा है, जो दिन में सूने मकानों की रैकी कर रात में वारदात को अंजाम देता था। आरोपी तीन स्थानों से लाखों का माल उड़ा चुका है। लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश सोनी के मुताबिक, अपूर्व पिता प्रवीण राठौर निवासी तुलसी नगर ने 13 नवंबर को, फरियादी आदित्य पिता राजेश बागरेचा निवासी तुलसी नगर ने 16 नवंबर तथा फरियादी महेश जायसवाल निवासी सिंगापुर टाउनशिप ने 29 नवंबर को घर में चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। तीनों मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था।लगातार वारदातों के बाद टीआई ने टीम गठित की। टीम ने तीनों फरियादियों को घर के आसपास लगे 50-60 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में युवक का हुलिया नजर आया, जो घटनास्थल के पास घुमता दिखाई दिया। इसी आधार पर शाहरूख उर्फ काला पिता हनीष शाह निवासी राजीव नगर खजराना को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने वारदात करना कबूला। आरोपी ने बताया कि वह सूने घरों की दिन में रैकी करता था। जिन घरों में ताला लगा होता था, वहां शाम को उन्हीं घरों पर पुनः जाता था। ताला लगा होने की पुष्टि होते ही टामी से ताले तोड़कर आभूषण और नकदी चुराकर ले जाता था। पुलिस ने बचने वह कुछ दिन चोरी के पैसे का उपयोग नशे में करता था। पैसे खत्म होते ही फिर सूने मकानों को निशाना बनाता था।

# ब्राउन शुगर जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दो थाना क्षेत्रों में एनडीपीएस, जुआ जैसे आधे दर्जन केस में लिप्त बदमाश से हीरानगर पुलिस ने 16 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। बदमाश लंबे समय से इस गोरखधंधे में लिप्त था। पुलिस को सूचना मिली कि लवकुश आवास विहार के समीप कनकेश्वरी मैदान में युवक मादक पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी अनिकेत निवासी आदर्श बिजासन नगर को पकड़ा। पुलिस मादक पदार्थ को लेकर पूछताछ कर रही है।

# पहले दोस्ती, फिर लव जिहाद का शिकार बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 23 साल की युवती से लव जिहाद का मामला सामने आया है। आरोपी ने नाम बदलकर दोस्ती की। फिर शादी करने का झांसा देकर रेप किया। युवती ने जब शादी की बात कही तो आरोपी ने पहले धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। युवती ने इनकार किया तो उसे शादी की बात करने के लिए घर बुलाया। यहां आरोपी के भाई ने भी पीडिता से छेड़छाड़ कर दी। मामले में एक भाई पर रेप तो दूसरे पर छेड़छाड़ के मामले में केस दर्ज हुआ है।

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक 23 साल की युवती की शिकायत पर आशू उर्फ अशरफ मंसूरी और उसके भाई बुरकान के खिलाफ रेप, छेड़छाड़, धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पीडिता ने बताया कि 2018-19 में हेलो एप के माध्यम से अशरफ मंसूरी ने दोस्ती की। तब उसने अपना नाम आशू बताया। पूरा नाम पूछने पर उसने कहा कि चिंता मत करो मैं हिंदू ही हूं। मेरा एक दोस्त मुस्लिम है। आईडी उसने बनाई है। इसके बाद मैंने उसकी बात पर विश्वास कर उससे बात करने लगी। करीब एक माह तक बातचीत होने के बाद आशू ने मिलने खजराना इलाके में बुलाया। यहां कार से बायपास पर गए। यहां आशू ने प्यार की बातें कीं। कहा कि वह मुझसे शादी करना चाहता है। इसके बाद उसने कार में ही संबंध बनाए। आशू हर बार अलग कार लेकर आता। वह मुझे साथ ले जाकर संबंध बनाता। करीब आठ माह बाद मुझे पता चला कि आशू मुस्लिम है। मैंने उससे धोखे में रखने का कारण पूछा तो उसने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। मैंने बातचीत बंद की तो वह दूसरे नंबरों से कॉल करने लगा।

**हाथ की नस काटी, छत से कूदने की धमकी दी-** इसके बाद आशू ने कॉल कर अपने हाथ की नस काटी और छत से कूदने की धमकी दी। कहा कि मेरी मौत की जिम्मेदारी तुम्हारी होगी। पुलिस तुम्हें और तुम्हारे परिवार को पकड़ लेगी। इसके चलते मैंने उससे फिर से बातचीत शुरू कर दी। करीब आठ माह पहले आशू नवलखा काम्प्लेक्स में अपनी दीदी के यहां ले गया। यहां भी उसने संबंध बनाए। करीब तीन माह पहले उसने कहा कि वह शादी तो कर लेगा, लेकिन मुस्लिम धर्म अपनाना पड़ेगा। इस बात से इंकार कर दिया। इस पर उसने मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्द कहे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक